आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 13.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में एक ही पर्ची से इलाज कराने की सुविधा मिलेगी। सभी राजकीय अस्पतालों में जल्द एक पर्ची सिस्टम होगा लागू।
- केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक छात्रों को दिए गए ग्रेस अंक रद्द किए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की धारण क्षमता को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।
- और........ चमोली जिले की जोशीमठ तहसील अब ज्योतिर्मठ नाम से जानी जाएगी।

.......................................................

धन सिंह रावत

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इसी मुहिम के तहत राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में एक पर्ची सिस्टम जल्द लागू किया जाएगा। इससे मरीजों को अन्य चिकित्सालय में पर्ची नहीं बनानी पड़ेगी। रूद्रप्रयाग में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और चारधाम यात्रा के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डॉक्टर रावत ने यह बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को अगस्त्यमुनि चिकित्सालय में जल्द दो चिकित्सकों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। इसी के तहत केदारनाथ धाम में 50 बेड का चिकित्सालय तैयार किया जा रहा है।

.......................................................

सर्वोच्च न्यायालय

केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एक हजार पांच सौ 63 नीट छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेन्सी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने

वाली परीक्षा के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट–यूजी 2024 प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता–प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

...........................................................

भेंट

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से सचिवालय में शैक्षिक भ्रमण पर उत्तराखंड आए  सी.आर.पी.एफ के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्य सचिव और सी.आर.पी.एफ के प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच राज्य में आपदा प्रबंधन, सीमांत गांवो में विकास कार्य और राज्य में संचालित विकास योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आतंकवाद विरोधी कार्रवाई में राज्यों की सहायता में सी.आर.पी.एफ की महत्वपूर्ण भूमिका है।

...........................................................

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम 13 दिवस 13 जनपद के तहत प्रदेश भर में 10 जून से 21 जून तक लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । कार्यक्रम के तहत आज चंपावत जिले के लोहाघाट कोली ढेक झील परिसर में लाइव स्ट्रीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी  डॉ .आनंद सिंह गोसाई ने बताया कि दो सौ से अधिक योग साधकों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिनमें स्थानीय जनता,आईटीबीपी के जवानों के साथ विभिन्न विभागीय कर्मचारियों ने योग किया। उधर, अल्मोड़ा जिले के सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय के योग विज्ञान विभाग और नमामि गंगे के तत्वावधान में आओ हम सब योग करें आभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में योग विज्ञान विभाग द्वारा आज से विभिन्न शासकीय, अर्द्ध शासकीय विद्यालयों में छात्र छात्राओं को योग के विभिन्न आयामों का योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस आभियान का समापन अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के खेल मैदान में होगा।

...........................................................

<u>यमुनोत्री धारण क्षमता बढोतरी प्रयास</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की धारण क्षमता को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष यमुनोत्री धाम में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि इस बार के यात्रा सीजन में गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में तीर्थयात्रियों की संख्या में दोगुना बढोतरी हुई है। ऐसे में यमुनोत्री धाम में ठहरने की सुविधाएं होटल और विश्रामगृह को बढाने की दिशा में भी काम किया जाना चाहिये। श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा को कोटद्वार से शुरू करने की संभावनांए भी तलाशी जांएगी।

.........................................................

<u>नाम परिवर्तन</u>

चमोली जिले की जोशीमठ तहसील अब ज्योतिर्मठ नाम से जानी जाएगी। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही नैनीताल जिले के कोसियाकुटोली को कैंची धाम तहसील के नाम से जाना जाएगा। सरकार के इस फैसले का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले साल चमोली में आयोजित एक कार्यक्रम में जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करने की घोषणा की थी। स्थानीय लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री के सामने भी इस मांग को प्रमुखता से उठाया गया था।

.........................................................

<u>शपथ</u>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार आज अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। ईटानगर में आयोजित समारोह में श्री खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों को भी मंत्रिपद की शपथ ली। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने मुख्यमंत्री और राज्य के अन्य कैबिनेट मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रविशंकर प्रसाद, असम और सिक्किम के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू तथा अरुणाचल पूर्व संसदीय क्षेत्र के सांसद तापिर गाओ उपस्थित थे।

.........................................................

<u>ओम पर्वत की यात्रा</u>

पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा से लगे प्रसिद्ध आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा के इस वर्ष सारे पिछले रिकॉर्ड टूट गए हैं। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग 20 हजार तीर्थयात्रियों ने आदि कैलाश के दर्शन किए हैं। उन्होंने बताया कि हर दिन करीब पांच से छह सौ तीर्थयात्रियों को इनर लाइन पास जारी किए जा रहे हैं, जो अब तक सबसे अधिक है।

लक्ष्य

केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्ष में देश के रक्षा निर्यात को बढाकर पचास हजार करोड रूपये तक करने का लक्ष्य रखा है। अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अब तक 21 हजार करोड रूपये से अधिक के रक्षा साजो–सामान निर्यात कर चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत विकसित करने की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षाबलों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

..........................................................

मौसम

और अब एक नजर मौसम पर............ मौसम विभाग ने कल राजधानी देहरादून, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में अत्यधिक गर्मी जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि विभाग ने पन्द्रह जून से राज्य में कहीं–कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने कहा है कि आगामी 18 जून से राज्य में बारिश में बढोतरी होने की उम्मीद है।

..........................................................